प्रादेशिक समाचार
29.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विकास और सूचना प्रौद्योगिकी अपनाने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस विकास में और तेजी लाने के लिए सरकार ने इंडिया एआई मिशन का शुभारंभ किया है।

********************

राजधानी रांची के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन के ग्रेजुएशन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने होटल प्रबंधन क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे राज्य और देश के आतिथ्य के ब्रांड एम्बेसडर हैं, और उनसे अपील की कि वे संस्कृति और सेवा के आदर्श को आगे बढ़ाएं।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्वीडन के गोथेनबर्ग में 19 से 22 जून तक होने वाले ईवीएस–38 सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण ईवीएस –38 की आयोजिका कटरिना क्लास ने श्री सोरेन को अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया है। ईवीएस–38 सम्मेलन में वैश्विक ई–मोबिलिटी नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा।

********************

अध्यक्षता वाली झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने, दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने केवल रांची जिले की रिपोर्ट मिलने और अन्य जिलों की जानकारी नहीं देने पर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अदालत ने राज्य सरकार को सभी जिलों की जानकारी 6 मई तक शपथ पत्र के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया है।

********************

जल पखवाड़ा के तहत हजारीबाग जिले के पदमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राओं ने जल है तो कल है जैसे नारों के साथ लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया।

********************

चतरा जिला कारा में जनवरी से 29 अप्रैल तक  दो हजार नौ सौ चौंसठ लोगों ने कैदियों से मुलाकात की। वहीं जनवरी 2024 से अप्रैल 2025 तक कुल 12 हजार 2 दौ 75 मुलाकातें भौतिक रूप से हुई। नेशनल प्रिजन पोर्टल के अनुसार, इस अवधि में किसी भी मुलाकात के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन माध्यम का उपयोग नहीं किया गया।

********************

जामताड़ा पुलिस की पहल पर जिले के कर्माटांड़ में कोचिंग सह पुलिस पब्लिक लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है।

********************

खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र में तमाड़–खूंटी रोड पर एक खड़ी स्कूल बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायलों का इलाज अड़की अस्पताल में चल रहा है।

********************

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में सामान्य से कम गिरावट और कुछ स्थानों पर दो से चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों में झारखंड के कई हिस्सों में गरज और चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई।

********************

महिलाओं की त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच जारी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की खिलाड़ियों ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 2 सौ 76 रन बनाए। इस निर्णायक त्रिकोणीय मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया है। दक्षिण अफ्रीका को अब जीतने के लिए 277 रन बनाने की आवश्यकता होगी।

******समाप्त*************